# दुनिया से तू क्या मांगे तेरी शान जाएगी भजन लिरिक्स

दुनिया से तू क्या मांगे,
तेरी शान जाएगी।

दोहा – जब तक रहेगी जिंदगी,
फ़ुरसत ना होगी काम से,
एक समय ऐसा निकालो,
प्रेम कर लो भगवन से।

---

दुनिया से तू क्या मांगे,
तेरी शान जाएगी,
यारी तू निभाले राम से,
तेरे काम आएगी।bd।

तर्ज – दिल दीवाने का डोला।

---

माया के बंधन तोड़ो,
मेरे राम से नाता जोड़ो,
जग वाले कुछ ना देगें,
झूठी आशाएं छोड़ो,
तू हाथ पसारेगा,
तू हाथ पसारेगा तो,
तेरी लाज जायगी
यारी तू निभाले राम से,
तेरे काम आएगी।bd।

---

जग को आंसू दिखला के,
तेरी इज्जत तू ना खोना,
जब दिल भर आए तेरा,
मेरे राम के आगे रोना,
बड़ी जालिम है,
बड़ी जालिम है ये दुनिया,
तेरी हंसी उड़ाएगी,
यारी तू निभाले राम से,
तेरे काम आएगी।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कोई मज़बूरी हो जाए,
लोगो से कुछ ना कहना,
तेरे दुखड़े सब हर लेगा,
बस राम शरण में रहना,
तेरे जीवन में,
तेरे जीवन में फिर खुशियां,
बेशुमार आएगी,
यारी तू निभाले राम से,
तेरे काम आएगी।bd।

---

दुनिया से तू क्या माँगे,
तेरी शान जाएगी,
यारी तू निभाले राम से,
तेरे काम आएगी।bd।

गायक – शिवराम जी भमोरिया।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com